ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 20-12-2022

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-12-20 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-12-21	2022-12-22	2022-12-23	2022-12-24	2022-12-25
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	28.0	28.0	27.0	27.0	26.0
न्यूनतम तापमान(से.)	11.0	10.0	9.0	8.0	7.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	22	20	19	18	15
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	11	11	11	9	8
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	11.0	12.0	11.0	10.0	13.0
पवन दिशा (डिग्री)	56	51	57	52	46
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 26.0 से 28.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 07.0 से 11.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

गेहूं की फसल में चौड़ी और संकरी पत्ती वाले खरपतवार नियंत्रण के लिए बुवाई के 30-35 दिन बाद क्लोडिनाफॉप प्रोपरगिल 15% + मेटसल्फ्यूरॉन मिथाइल 20% डब्ल्यूपी @ 55-60 ग्राम (ए.आई.) प्रति हेक्टेयर में छिड़काव करें। छिडकाव करते समय घ्यान रखे कि फसल पर कहीं भी दोहरा छिडकाव न करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी दिनों में मौसम साफ रहने की सम्भावना है। किसान भाइयों से अनुरोध है कि वे मौसम की दैनिक अपडेट के लिए अपने मोबाइल में मेघदूत एप्लिकेशन डाउनलोड करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	सरसों की फसल में सफेद रोली रोग की लगातार निगरानी करें। सफेद रोली रोग से फसल बुवाई के 50 से 60 दिन बाद या दिसंबर माह में पतियों की निचली सतह पर सफेद रंग के ऊभरे हुए फफोले दिखाई देते है।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
	फफोलो की ऊपरी सतह पर पतियों पर पीले रंग के धबे दिखाई देते है। इसकी रोकथाम के लिए प्रथम छिड़काव मेटालेक्सिल 0.2 प्रतिशत (2 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर) का घोल बनाकर छिड़काव करे।
जीरा	जीरे की फसल में झुलसा रोग के नियंत्रण के लिए मैंकोजेब @ 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर बिजाई के 25-30 दिन बाद छिड़काव करें।
चना	चने की फसल में रूट रोट रोग के लक्षण दिखाई देने पर रोग के नियंत्रण के लिए कार्बेन्डाजिम 50 डब्ल्यू पी को 2 ग्राम प्रति लीटर की दर से छिड़काव करें।
जौ	जौ की फसल में गुल्ली डण्ड़ा व जंगली जई खरपतवार के नियंत्रण हेतु बुवाई के 30-35 दिन बाद आइसोप्रोट्यूरान नींदानाशी हल्की मिट्टी हेतु 0.75 किलो तथा भारी मिट्टी हेतु 1.25 किलो सक्रिय तत्व को पानी में घोलकर एक सार छिड़काव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पशुओं मे न्यूमोनिया के लखण जैसे बुखार, दस्त, नाक व आंख से पानी आना दिखाई देने पर उसे तुरन्त अन्य स्वस्थ पशुओं से पृथक कर दें और निकटतम पशुचिकित्सक से परामर्श लें।